




## खबर संक्षेप

### युवक से की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** सामाजिक कार्यक्रम मे जा रहे व्यक्ति को गांव के एक व्यक्ति ने रास्ते मे पिटाई कर दी। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति द्वारा मारपीट करने वाले के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम सिर्री थाना रनचिरई निवासी डोमार सिंह निर्मलकर पिता परदेशी राम निर्मलकर 38 वर्ष ने पुलिस को बताया कि 14 नवंबर के शाम 05 बजे करीबन मै अपने गांव के पडोसी दादा गजानंद निर्मलकर के काठी कार्यक्रम से वापस आने के बाद अपने परिवार वालों को खाना खिलाने के लिये पडोसी के घर ले जा रहा था, निलेश देवांगन के घर के सामने पहूंचा था, जहां हमारे गांव का चोवाराम पिता सुखित राम, डण्डा पकड कर बैठा था, मुझे देखकर गाली गलौज देकर अपने पास रखे डण्डा से मुझे मारपीट किया है, मारपीट करने से मेरे दाहिने हाथ की कलाई एवं दाहिने पैर में घुटने के पीछे चोट लगी है।

### लोगों को डराने वाला युवक पकड़ा गया

**भिलाई।** चाकू लहराकर लोगों को डराने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। मामला सुपेला थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार की शाम एक युवक सड़क पर स्टील का चाकू लहराकर लोगों को डराता हुआ घूम रहा था। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और इलाके की घेराबंदी कर आरोपी शेख आयुब पिता शेख याकुब उम्र 20 साल निवासी एसबीआई बैंक कॉलोनी भिलाई नगर को पकड़ लिया। उसके पास से धारदार स्टील का चाकू बरामद किया गया। गवाहों की मौजूदगी में चाकू जब्त करने के बाद उसे थाने लाया गया।

### गणना पत्र के लिए निगम में हेल्पडेस्क

**भिलाई।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) द्वारा हर एक मतदाता को घर-घर जाकर गणना प्रपत्र उपलब्ध कराया गया है, यदि किसी मतदाता को गणना प्रपत्र नहीं मिला हो तो स्थानीय बीएलओ से संपर्क करें। आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई की ओर से अपील है कि विशेष सघन पुनरीक्षण में उत्साह से भाग लें और आपके बीएलओ को सहयोग प्रदान करें। यदि गणना प्रपत्र को भरने में कोई कठिनाई हो तो आपके बीएलओ , जोन कार्यालय स्थित हेल्प डेस्क या टोल फ्री नंबर 0788- 2294303 पर संपर्क कर सकते हैं। गणना प्रपत्र में सबसे ऊपर आपके बीएलओ का मोबाइल नंबर लिखा हुआ है। आप सब से अपेक्षा है कि अपने बीएलओ को सहयोग करें, प्रत्येक मतदाता के 02 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ तैयार रखें।

अमृत मिशन 2.0: जलागार लोकार्पण के साथ उपमुख्यमंत्री ने कीं बड़ी घोषणाएं

# राज्य निर्माण व विकास में अटल जी की भूमिका अद्वितीयः उपमुख्यमंत्री साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

रविवार को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने डौंडीलोहारा नगर पंचायत सहित डौंडी, चिखलाकसा और दल्लीराजहरा क्षेत्र को करोड़ों की सौगात दी। उन्होंने अमृत मिशन 2.0 के तहत विशाल जलागार का लोकार्पण, फिल्टर प्लांट का भूमि पूजन और अटल चौक में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण में अटल बिहारी वाजपेयी का योगदान अमूल्य है। उन्होंने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर हर वर्ग तक विकास पहुंचाया। वाजपेयी द्वारा प्रारंभ की गई प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने गांवों के विकास की तस्वीर बदल दी। उन्होंने कहा कि अटल जी के कारण ही छत्तीसगढ़ अलग राज्य बन सका और विकास की गति तेज हुई।

**पेयजल संकट से राहत, करोड़ों की विकास घोषणाएं_** उपमुख्यमंत्री ने कहा कि डौंडीलोहारा नगर लंबे समय से भूजल स्त्रोत पर ही निर्भर रहा है, जिसके कारण गर्मियों में पेयजल की समस्या बनी रहती है,परंतु आज अमृत मिशन 2.0 के फिल्टर प्लांट के लोकार्पण से लोगों को स्थायी राहत मिलेगी। उन्होंने मंच से विकास कार्यों की बड़ी घोषणाएं की जिसमें डौंडीलोहारा नगर पंचायत के लिए 3 करोड़ रुपये साथ ही मुक्तिधाम निर्माण के लिए अलग से 30 लाख रुपये, डौंडी नगर पंचायत के विकास के लिए 2 करोड़ रुपये तथा मुक्तिधाम हेतु 20 लाख, ▶▶| शेष पेज 11 पर





### विधायक अनिला भेंडिया ने जर्जर सड़कों के सुदृढ़ीकरण की मांग की

क्षेत्रीय विधायक अनिला भेड़िया ने सभा को संबोधित करते हुए अटल जी के योगदान को याद किया। साथ ही डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र की जर्जर सड़कों के नवीनीकरण एवं चौड़ीकरण हेतु धनराशि स्वीकृति की मांग उपमुख्यमंत्री से की। नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम और प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने भी नगर विकास हेतु अतिरिक्त राशि की मांग रखी, जिस पर उपमुख्यमंत्री ने अपेक्षा से अधिक राशि स्वीकृत करने की घोषणा की। कार्यक्रम के बाद उपमुख्यमंत्री अरुण साव स्थानीय भाजपा मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा के निवास पहुंचे, जहां उन्होंने लगभग डेढ़ घंटे तक पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों से मुलाकात की।

### महामंत्री यशवंत जैन की मांग की स्वीकृति मिली

इस मुलाकात में भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन की भूमिका उल्लेखनीय रही। उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं, सड़क निर्माण, पेयजल, शहरी विकास तथा पंचायतों की मांगों को क्रमबद्ध तरीके से उपमुख्यमंत्री के समक्ष रखा। हर मांग पर उपमुख्यमंत्री ने तत्काल व अपेक्षा से दुगुनी राशि प्रदान की। कार्यकर्ताओं ने महामंत्री यशवंत जैन का आभार जताते हुए कहा कि उनके प्रयास से लंबित समस्याओं का समाधान संभव हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राकेश यादव, राजा दीवान, जिला महामंत्री सौरभ लूनिया, होरीलाल रावटे, नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम, मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा, कांति सोनबरसा, विवेक वैष्णव, लता गुप्ता, सोमेन्द्र देशमुख, दुष्यंत गिरी, गैंदमल भंसाली, जसराज शर्मा, जयलाल मालेकर, नेहा उपाध्याय, ममता यादव, ममता शर्मा, मनीष झा, अरुण उपाध्याय, दिलीप बाफना, संदीप भंसाली, सुभद्रा तांडेकर, रेवती कोलियारे, सूर्यकला ठाकुर, उत्तरा धरेन्द्र, शिवकुमार धरमगुड़े, महेन्द्र जायसवाल, मोहन निषाद, ज्ञानू राजपूत, धर्मेंद्र निषाद, महावीर तातेड़, जीवराख़न कौमार्य, प्रभा नायक, पूनम जैन, प्यारे लाल निषाद, धीरेंद्र टांक, हिरेन्द्र गायकवाड़, उत्तम मालेकर, तुकाराम साहू, निरंजन पटौदी, पन्नो साहू, प्रीतम साहू, बलदाऊ सेन, अन्य नेता और बड़ी संख्या में नागरिक गण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्राची का जूनियर ओपन नेशनल फुटबॉल चैम्पियनशिप के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा/डौंडी



■ प्राची आंध्रप्रदेश में होने वाली नेशनल चैंपियनशिप में देगी दमखम

डौंडी विकासखंड के ग्राम चिखली की उभरती फुटबॉल खिलाड़ी प्राची पोर्ते ने अपने शानदार खेल प्रदर्शन से पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। प्राची का चयन जूनियर ओपन नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप 2025 के लिए छत्तीसगढ़ टीम में हुआ है। यह प्रतियोगिता 21 से 26 नवंबर 2025 तक आंध्रप्रदेश के अनंतपुर में आयोजित होगी। प्राची ने फुटबॉल की शुरुआत वर्ष 2022 में तब की थी, जब वह सातवीं कक्षा में पढ़ती थीं। शुरुआती प्रशिक्षण उन्हें रानी दुर्गावती फुटबॉल क्लब, चिखली से मिला, जहां कोच चन्द्रशेखर पवार ने उनके खेल को निखारा। वर्तमान में वह खेल अकादमी रायपुर में एनआईएस कोच सरिता कुजुर के मार्गदर्शन में उन्नत प्रशिक्षण ले रही हैं। अब तक प्राची चार स्कूल स्टेट और दो स्कूल नेशनल प्रतियोगिताओं में दमदार प्रदर्शन कर चुकी हैं। वर्ष 2025 में खेल अकादमी में चयन के बाद उनका खेल और भी प्रखर हुआ। हाल ही में कोरबा में हुई इंटर-स्टेट चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उन्हें छत्तीसगढ़ टीम का हिस्सा बनाया गया। प्राची वर्तमान में निवेदिता सेजेस रायपुर में कक्षा 10वीं की छात्रा हैं। पिता नरेश पोर्ते दुकानी कार्य में सेल्समैन के रूप में काम करते हैं। प्राची के चयन से रानी दुर्गावती फुटबॉल क्लब चिखली, ग्राम चिखली के खिलाड़ी, खेल प्रेमी और ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है। अनेक विभागीय अधिकारियों, खेल से जुड़े पदाधिकारियों तथा शिक्षकों ने प्राची को शुभकामनाएं दी हैं। इनमें मंजुला यदु (बीएसओ डौंडी), शिक्षा विभाग और खेल विभाग के अधिकारी, ग्राम प्रतिनिधि, कोच तथा चिखली स्कूल स्टाफ शामिल हैं, जिन्होंने हमेशा खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का वातावरण दिया है। प्राची का चयन न केवल चिखली बल्कि पूरे आदिवासी अंचल के लिए गर्व का क्षण है।

### ट्रेलर की ठोकर से कार सवार घायल, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** सड़क किनारे कार को रोककर फल खरीद रहे युवको के कार को ट्रेलर ने ठोकर मार दी। जिससे कार मे बैठे युवक घायल हो गए। जिसके बाद पीड़ित युवक द्वारा ट्रेलर चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई गई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड क्र0 22 राजहरा निवासी केएम सर्वानन ने पुलिस को बताया कि 13 नवंबर को अपने साथी किशोर कुमार के साथ सब्जी मार्केट फल दुकान के सामने मेन रोड किनारे पर अपनी कार को खडी कर फल खरीद रहे थे, रात्री करीबन 09.10 बजे राजनांदगांव की ओर से आ रही ट्रेलर क्रमांक आरजे 06 जीसी 1230 के चालक द्वारा मेरी खडी कार के ड्रायवर साइड के पीछे तरफ को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया है, एक्सीडेंट कर उक्त ट्रेलर चालक द्वारा अपनी वाहन को भगा रहा था जिसे पीछा कर पकड़ा गया।

कोर्ट का बड़ा फैसला

## विक्षिप्त महिला से दुष्कर्म के दोषी को 10-10 वर्ष का कारावास

**डौंडीलोहारा।** थाना डौंडीलोहारा के अपराध क्रमांक 22/2025 के बहुचर्चित दुष्कर्म प्रकरण में न्यायालय बालोद ने आज महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए आरोपी पीलेश्वर उर्फ पीलू कराता को 10-10 वर्ष के कठोर कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया है। यह निर्णय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एफ.टी.सी.) बालोद ताजुद्दीन आसिफ की अदालत में सुनाया गया। मामले के अनुसार 22 जुलाई 2024 को मानसिक एवं शारीरिक रूप से विक्षिप्त तथा विकलांग महिला के साथ जबरन दुष्कर्म की घटना सामने आई थी। घटना की प्राथमिकी 28 जनवरी 2025 को दर्ज की गई।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस व अभियोजन द्वारा तत्परता से कार्यवाही की गई।अभियोजन पक्ष का प्रतिनिधित्व अपर लोक अभियोजक सनद श्रीवास्तव ने किया। वहीं आरोपी पीलेश्वर उर्फ पीलू कराता निवासी कापसी चौकी संजारी, को भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(2)(ट) एवं 64(2)(ढ) के तहत दोषी पाया गया। न्यायालय ने विचारण के बाद आरोपी को प्रत्येक धारा के तहत 10-10 वर्ष के कठोर कारावास एवं 500-500 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा न करने पर अतिरिक्त 1 माह का कारावास भी निर्धारित किया गया है। इस फैसले को विकलांग व मानसिक रूप से पीड़ित महिला को न्याय दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पुलिस व अभियोजन टीम ने फैसले को न्याय की जीत बताया है। इस संपूर्ण मामले में विवेचना अधिकारी डौंडीलोहारा थाना प्रभारी मुकेश सिंह रहे।

## सूने मकान से नकदी सहित हजारों के जेवर पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

घर मे ताला लगाकर काम में जाने के बाद अज्ञात चोर ने दिन दहाड़े 48000 नगदी व सोने चांदी की चोरी कर ली। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 305(ए), 331(3) बीएनएस के ततह रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



वार्ड क्र. 02 चिखलाकसा निवासी परशु राम धनेन्द्र पिता स्व. बचन सिंह उम्र 53 वर्ष ने पुलिस को बताया कि 13 नवंबर को मै व मेरी शिक्षिका पत्नी लता धनेन्द्र के साथ घर से प्रात 09 बजे घर में ताला लगाकर स्कूल खल्लारी पढाने के लिए गये थे। मेरा पुत्र साहिल धनेन्द्र 03 बजे दोपहर अपने स्कूल से घर पहुंचकर सामने लगे गेट के ताला को खोलकर घर अंदर गया, दूसरे नंबर का दरवाजा अंदर से बंद था तो पीछे गेट की ओर जाकर देखा दरवाजा खूला था, चैनल गेट में लगे ताला टुटा हुआ था, अंदर बेडरूम में लगे ताला टूटा हुआ था, रूम अंदर का आलमारी खुला व सामान बिखरा था, जिसकी सूचना मिलने पर मै व मेरी पत्नी तुरंत घर आये, देखने पर पता चला कि आलमारी के अंदर रखे नगदी रकम 48000 रूपया व 1 नग चांदी का करथन व दो जोडी चांदी का पैरपट्टी को अज्ञात चोर के द्वारा घर का ताला तोडकर चोरी कर ले गया है।




जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा। भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

### खरीदी में पारदर्शिता बढ़ाने तुंहर टोकन ऐप उपयोगी

**बालोद।** खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 में किसानों की धान बिक्री हेतु खाद्य, नागरिक आपूर्ति व उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा जारी 'तूंहर टोकन मोबाइल एप्प' के माध्यम से किसान घर बैठे धान बिक्री हेतु टोकन ले रहे है। यह मोबाइल एप गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। इसमें किसान आधार आधारित ओटीपी से पंजीकरण और प्रतिदिन सुबह 08 बजे से टोकन के लिए आवेदन कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 विपणन वर्ष धान की खरीदी 15 नवंबर से शुरू हो चुकी है जो 31 जनवरी 2026 तक चलेगी। इस एप से धान खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता और समान अवसर सुनिश्चित होंगे। इस एप्प के माध्यम से सीमांत किसान (02 एकड़ या उससे कम भूमि) अधिकतम 01 टोकन, लघु किसान (02 से 10 एकड़) 02 टोकन और दीर्घ किसान (10 एकड़ से अधिक) अधिकतम 03 टोकन प्राप्त कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### एसपी ने किया श्री उवसग्गहरं तीर्थ का भ्रमण

**दुर्ग।** दुर्ग पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा पहुंचे । तीर्थपति श्री उवसग्गहरं पार्श्वनाथ प्रभु के दर्शन वंदन कर परिसर में संचालित आरोग्यम, वर्धमान गुरूकूल, श्री पार्श्व गौसेवालय सेवाओं का अवलोकन कर जायजा लिया। परिसर की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। तीर्थ अध्यक्ष गजराज पगारिया से चर्चा करते हुए कहा कि परिसर में असीम शांति का अनुभव होता है, निश्चित ही यह बहुत प्रभावशाली तीर्थ स्थल है। इस अवसर पर आरोग्म नगपुरा के सचिव संतोष यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ दानेश्वर टंडन, चिकित्सा अधिकारी डॉ. आदित्य उपाध्याय ने तीर्थपति की प्रतिकृति भेंटकर सम्मानित किया।

### मोर मकान-मोर के लिए आवेदन शुरू

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के मोर मकान मोर आस घटक के तहत दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में निवासरत किरायेदारों, स्लम एवं गैर स्लम परिवारों के लिए आवास प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। निगम प्रशासन द्वारा बताया गया कि योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से आवास आवंटित किए जाएंगे। आवेदन नगर निगम दुर्ग के डाटा सेंटर, सेन्ट्रल लाइब्रेरी, योजना शाखा के प्रधानमंत्री आवास योजना काउंटर में जमा किए जा सकते हैं।

### स्वास्थ्य केन्द्रों में एंटी-रेबीज वैक्सीन एवं रेबीज इंजेक्शन उपलब्ध

**दुर्ग।** भारत सरकार के राष्ट्रीय रेबीज संक्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत दुर्ग जिले में रेबीज की रोकथाम एवं नियंत्रण का कार्य किया जाता है। सीएमएचओ के अनुसार जिले में एंटी रेबीज वैक्सीन और रेबीज इम्युनोग्लोब्युलिन की दवाएं चंदूलाल चन्द्राकर चिकित्सा महाविद्यालय दुर्ग, जिला चिकित्सालय दुर्ग, सिविल अस्पताल सुपेला, ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भिलाई, चरौदा एवं दुर्ग शहरी क्षेत्र में उपलब्ध है। ये दवाएं निःशुल्क उपलब्ध करायी जाती है।

# एनर्जी ऑडिट अभियान, 8 अनुपयोगी मीटरों का कनेक्शन कटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

नपानि दुर्ग क्षेत्र में विद्युत खपत की वास्तविकता जानने, राजस्व रिसाव रोकने और ऊर्जा प्रबंधन को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से व्यापक ईएनर्जी ऑडिट कराया जा रहा है। आयुक्त ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया है कि निगम क्षेत्र में लगे सभी विद्युत मीटरों की जांच की जाए तथा जहाँ भी अनियमितता, दुरुपयोग या अनुपयोगी मीटर पाए जाएँ वहाँ तुरंत मौके पर विच्छेदन की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

आयुक्त ने कहा कि निगम द्वारा लगाए गए किसी भी विद्युत मीटर का दुरुपयोग या अनियमित उपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राजस्व हानि रोकना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी के तहत विद्युत विभाग की टीम व निगम की संयुक्त कार्रवाई लगातार जारी है। कार्रवाही दौरान सहायक अभियंता सुरेश केवलानी, उपअभियंता मोहित मरकाम सहित विद्युत विभाग की टीम मौजूद रहें। एनर्जी ऑडिट के दौरान कई स्थानों पर अनुपयोगी, बंद मीटर, संदिग्ध खपत, और रिकॉर्ड से मेल न खाने वाले मीटर पाए गए। ये मीटर वर्षों से उपयोग में नहीं थे, परंतु रिकॉर्ड में सक्रिय बने हुए थे। आयुक्त ने इसे निगम के राजस्व पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला बड़ा कारक बताया और तत्काल स्थायी विच्छेदन के निर्देश दिए। इस कार्रवाई से शहर में ऊर्जा उपभोग की वास्तविकता सामने आएगी और निगम को अनावश्यक राजस्व हानि से बचाया जा सकेगा। आयुक्त ने कहा कि आगे भी प्रत्येक मोहल्ले, वार्ड और जोन में लगातार निरीक्षण किया जाएगा और जहां भी अनियमितताएं मिलेंगी वहाँ तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

## एनर्जी ऑडिट में उभरी संभावित गड़बड़ियां, विद्युत दुरुपयोग पर जीरो टॉलरेंस

### 8 विद्युत मीटर काटे गए

आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर बघेरा जोन एवं सिटी जोन में विशेष ऑडिट और निरीक्षण चलाया गया। विद्युत विभाग के सहयोग से निगम टीम ने कुल 8 अनुपयोगी मीटरों का स्थायी विच्छेदन किया। जिसमें सिटी जोन कस्तूरबा बाल मंदिर अनुपयोगी मीटर, पोलसाय पारा उपयोग बंद रिकॉर्ड में सक्रिय, ग्रीन चौक के पास संदिग्ध खपत, लुचकी तालाब के पास लंबे समय से निष्क्रिय, बघेरा जोन सिटी जोन बघेरा हाऊसिंग बोर्ड 3 अनुपयोगी मीटर, पुलगांव 1 बंद मीटर शामिल हैं ।



### विद्युत मीटर दुरुपयोग पर आयुक्त ने दिए कठोर निर्देश

आयुक्त ने सभी जोनल अधिकारियों और निरीक्षण टीमों को निर्देश जारी किए हैं कि निगम द्वारा लगाए गए किसी भी मीटर में टेंपरिंग, अवैध कनेक्शन या दुरुपयोग पाए जाने पर तुरंत कनेक्शन काटा जाए। दोषियों पर जुर्माना, राजस्व वसूली एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाए। प्रत्येक जोन में प्रतिदिन निरीक्षण रिपोर्ट अनिवार्य रूप से प्रस्तुत की जाए। आने वाले दिनों में पूरे शहर में यह अभियान और अधिक कड़ा और तेज होगा।

## विकास : केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने किया भूमिपूजन

# बोरसी, पोटिया व पुलगांव के नागरिकों को मिलेगी परेशानियों से मुक्ति

## 1.73 की राशि से संवरेगी दुर्ग की सड़कें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

आवागमन को बेहतर बनाने दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में नागरिकों की मांग पर सीमेंटीकरण सड़कें बनाई जाएगी। केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने निगम के जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्त्ताओ के साथ सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस दौरान नागरिकों की मांग पर मंत्री यादव ने घोषणाएं भी की।

शिक्षा, ग्रामोद्योग और विधी विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव ने बताया कि दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 51- 52 बोरसी, 53 - 54 पोटिया व 55 पुलगांव में 1 करोड़ 73 लाख रुपए की लागत से 9 स्थानों पर सीसी रोड बनाया जाएगा जिससे नागरिकों को आवागमन में परेशानी न हो। मंत्री यादव ने कहा कि जनता से किए वादों को पूरा करना ही भाजपा का मूल मंत्र है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में दुर्ग में विकास कार्यों को नई गति मिल रही हैं। 100 से अधिक स्थान पर सीमेंटीकरण सड़क, 1000 हजार अधिक नये बिजली पोल का विस्तार, स्कूलों का संधारण सहित दुर्ग का सर्वांगीण विकास करने निरंतर विकास कार्यों की नींव रखी जा रही है। आप सभी के सहयोग से दुर्ग को और बेहतर बनाने कार्यरत है। इस दौरान महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, गुलशन साहू, साजन जोसफ, हीरोंदी चंदानिया, सविता साहू, पार्षद अश्वनी निषाद, कुलेश्वर साहू, कमल देवांगन, लोकेश्वरी ठाकुर, विनायक नातू, मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, महेन्द्र लोढ़ा, लक्ष्मीकांत दुबे, पोषण साहू एवं नागरिक उपस्थित थे।





# ग्राम घोघोपुरी में सड़क सुधार से आवागमन सुगम हुआ

**बालोद।** जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम घोघोपुरी (भरदा) में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित मार्ग में त्वरित रूप से संधारण कार्य किया गया। जिसके फलस्वरूप ग्रामीणों को आवागमन में सुगमता हुई है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यपालन अभियंता शत्रुघ्न ध्रुव ने बताया कि मेन रोड घोघोपुरी की लंबाई 2.97 किमी है। जिसके 52 लाख 95 हजार रूपये की राशि वर्ष 2024–25 में स्वीकृत हुई थी। उन्होंने बताया कि उक्त मार्ग का निर्माण 03 जून 2025 को पूर्ण हुआ था। वर्तमान में सड़क 05 वर्ष की संधारण अवधि में है। उन्होंने बताया कि उक्त मार्ग में विगत दिनों भारी वाहन के आवागमन होने से पानी निकासी हेतु लगाए गए पाईप स्थल पर सड़क धस गया था। जिसे विभाग द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए डब्ल्यू एमएम और इमल्सन से भरकर संधारित कर दिया गया है। वर्तमान में सड़क की स्थिति अच्छी तथा लोगों के आवागमन में सुविधा प्रदान कर रही है।





# नवीन शासकीय संगीत महाविद्यालय ने मनाया जनजातीय गौरव दिवस

**दुर्ग।** नवीन शासकीय संगीत महाविद्यालय में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में विभिन्न जनजातियों के लोक गीतों की प्रस्तुति के माध्यम से आदिवासी संस्कृति को सम्मान दिया गया। छात्र छात्राओं ने बस्तरिया रेला गीत, टूड गीत महाराष्ट्र की कोली जनजाति का कोली गीत, छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति को दर्शाता सुआ गीत, सोहर, भरथरी, मारवा का ममेरा तथा राजस्थान का पणिहारी गीत प्रस्तुत किया गया।

संगतकार के रूप में अरुण साहू ढोलक, मांडल, निशिकांत कुहुकी, ऋषि मंजीरा, मनीष कुमार घुंघरू ने वाद्य यंत्रो की सुमधुर ध्वनियों ने सभागार को गूंजयित कर दिया । इसी दिन अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया था। अभिभावकों के समक्ष छात्रों द्वारा सभी गीतों की जीवंत प्रस्तुति दी। महाविद्यालय के अतिथि प्राध्यापक डॉ निधि वर्मा, वत्सल तिवारी, राजेंद्र कुमार, कार्यालय प्रमुख यशवंत साहू ने प्रशंसा की।



# मतदाता सूची पुनरीक्षण, मतदाताओं के घर पहुंच रही निगम टीम, मौके पर हो रहा फॉर्म भराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग



विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 64 दुर्ग शहर में विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत मतदाता सूची को अद्यतन एवं सुव्यवस्थित करने के लिए नगर निगम दुर्ग द्वारा गणना पत्रक वितरण एवं वापसी पर केंद्रित विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। यह दो दिवसीय विशेष अभियान शनिवार 15 और रविवार 16 नवंबर को सुबह 7 बजे से प्रारंभ होकर पूरे दिन जारी रहेगा।

इस अभियान के माध्यम से बीएलओ, निगम कर्मचारी, प्लेसमेंट स्टाफ तथा वार्ड सुपरवाइजर वार्ड वार्ड जाकर गणना पत्रक वितरण एवं वापसी की प्रक्रिया को तेजी से पूरा कर रहे हैं। टीम घर-घर पहुंचकर मतदाताओं को फॉर्म देती है, आवश्यक जानकारी समझाती है और मौके पर ही फॉर्म भरवाकर वापस संग्रहित कर रही है, जिससे नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। गणना पत्रक की वापसी के दौरान प्रत्येक मतदाता को 2 पासपोर्ट साइज़ फोटो, आधार कार्ड की प्रति, और जन्मतिथि, जन्मस्थान प्रमाण हेतु मान्य दस्तावेज 13 विकल्पों में से कोई एक प्रस्तुत करना अनिवार्य है। साथ ही वर्ष 2025 की मतदाता सूची को अंतिम रूप देने से पूर्व वर्ष 2003 की मतदाता सूची में मतदाता अथवा उसके माता-पिता के नाम का मिलान भी किया जा रहा है। यदि नाम का मिलान नहीं होता है तो नागरिकों को आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर पहचान और पात्रता की पुष्टि करनी होगी। गणना पत्रक वितरण एवं वापसी का पूरा कार्य 4 दिसंबर तक हर स्थिति में पूरा किया जाना है। इसे ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है और दिनभर क्षेत्रीय निगरानी की जा रही है।

## शिक्षा मंत्री ने शहर को दी 60 लाख की सौगात डोमशेड व मंच निर्माण का किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने दुर्ग शहरवासियों को बड़ी सौगात दी है। उन्होंने शहर के ऐतिहासिक एवं आस्था के प्रतीक माता चण्डी मंदिर पहुंचकर माता रानी के दर्शन किया और वार्ड क्रमांक 3 व 33 के समीप स्थित चण्डी मंदिर के पास डोमशेड, मंच एवं अहाता निर्माण कार्य हेतु 60 लाख रुपये की लागत से होने वाले निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर मंत्री श्री यादव ने कहा कि चण्डी मंदिर इस नगर की आस्था का केन्द्र है, जहां प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर को भव्य एवं सुंदर स्वरूप देने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार, पार्षद नरेन्द्र बंजारे, सभापति श्याम शर्मा, पार्षद शशि द्वारिका, कार्यपालन अभियंता जेके मेश्राम तथा अनुविभागीय अधिकारी सीके सोने सहित अनेक जनप्रतिनिधि और श्रद्धालु उपस्थित थे।

# जवाहर नगर विद्युत सब स्टेशन की क्षमता में की गई वृद्धि, चार हजार उपभोक्ताओं को होगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र ने मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के तहत जवाहर नगर जोन के अंतर्गत 33/11 केव्ही विद्युत उपकेंद्र सबस्टेशन कर्मचारी नगर की क्षमता में वृद्धि की है। उपकेंद्र में 65-99 लाख रुपये की लागत से 3/15 एमवी का एक अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है जिसे ऊर्जीकृत किया गया।

इस अतिरिक्त ट्रांसफार्मर के लगने से उपकेंद्र की कुल क्षमता 10 एमवीए से बढ़कर 13/15 एमवी हो गई है। उक्त कार्य उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले लगभग 4000 उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करेगी।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल ने बताया कि पूर्व में सबस्टेशन में स्थापित 05 एमवी के दोनों ट्रांसफार्मर अक्सर ओवरलोड हो जाते थे, जिसके कारण लो वोल्टेज और लोड शेडिंग जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर लगने से अब इन समस्याओं से बड़ी राहत मिलेगी और विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ होगी।

क्षमता वृद्धि से आईएचएसडीपी कॉलोनी, जयंती नगर, साईं नगर, सिकोला भाटा, सिकोला बस्ती, मुखर्जी नगर, प्रेम नगर, विजय नगर, मोहन नगर, करहीडीह एवं रांका के लगभग 4000 उपभोक्ता लाभान्वित होंगे।

## नल कनेक्शन कटने के भय से करदाताओं ने चुकाया बकाया टैक्स

# टैक्स वसूली अभियान तेज, तीन लोगों का कटा नल कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा कर वसूली को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत महत्वपूर्ण सफलता मिली है। यह वसूली

- तीन बकाएदारों के काटा गया नल कनेक्शन

आयुक्त सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन और निर्देशों के परिणामस्वरूप संभव हुई। निगम की राजस्व शाखा ने लगातार नोटिस भेजते हुए और संवाद स्थापित कर बकाया राशि वसूलने में सफलता प्राप्त की। इस कार्रवाई को निगम के राजस्व सुधार अभियान की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

राजस्व विभाग के अधिकारी राज कमल बोरकर व सहायक राजस्व अधिकारी थान सिंह यादव ने बताया कि निगम क्षेत्र में जिन व्यापारिक प्रतिष्ठानों, संस्थानों और भवन स्वामियों पर कर बकाया है, उनसे संपर्क कर शीघ्र भुगतान सुनिश्चित कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। निगम की आय शहर के विकास कार्यों के लिए अत्यंत आवश्यक है। इसी को ध्यान में रखते हुए वसूली अभियान को तेज कर दी गई है। इस दौरान राजस्व उप निरीक्षक संजय मिश्रा, विनोद उपाध्याय, उमेश यादव एवं राजदीप कसार मौजूद रहे।



### टैक्स वसूली के लिए विशेष अभियान जारी

आयुक्त सुमीत अग्रवाल ने कहा कि निगम द्वारा टैक्स वसूली के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अतः सभी व्यापारी, होटल संचालक और संपत्ति स्वामी अपनी बकाया राशि का शीघ्र भुगतान कर नगर विकास में सहयोग प्रदान करें। जो समय पर कर जमा करेंगे, उन्हें भविष्य में किसी असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। आज साथ ही कार्रवाही के दौरान वार्ड नंबर 38 से नल कनेक्शन विच्छेदन के दबाव में कार्यवाही के आधार पर 1,68,000 रूपये नगद निगम कोष में जमा करवाया। साथ ही नल कनेक्शन काटने के डर से बड़े बकायेदारों द्वारा टैक्स जमा किया गया। इसके अलावा 16428 चम्पाबाई सोनी, 44471 दुर्गा देवी कोटिया वार्ड 06, 41678 संजय अग्रवाल वार्ड 06, नल कनेक्शन काटे जाने कारवाही के दौरान टैक्स जमा किया गया है। नल काटने की कारवाही के दौरान कुल 2,73,857 टैक्स की राशि वसूल की गई। आज 3 नल कनेक्शन काटा गया। जिसमें बटुक प्रसाद, कृति कोठारी, बिरझा बाई बिष्णु प्रसाद, विनोद कुमार रंजन कोठारी, 24000 प्यारेलाल साहू वार्ड 38, 27497 कृष्णा उइके वार्ड 38, 30554 दीपचंद वार्ड 38, 55811 युवराज शर्मा वार्ड 39, 20882 मन्नान खान वार्ड 39, 12536 वारिस खान वार्ड 39 में भी टैक्स वसूल किया गया।

## 4 फीट लंबी लौकी ने खींचा सबका ध्यान...



**बालोद/कलंगपुर।** गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम मुन्देरा निवासी उमेश कुमार मंडावी ने अपने दुकान के समीप बारिश के दिनों मे लौकी का पौधा लगाया था। जो कि अब बड़ी होकर नार के रुप मे दुकान के ऊपर खदर छानी मे फैला हुआ है और अभी वर्तमान मे उसमे फल लगना शुरु हो गया है जिसमे अभी लगभग आधा दर्जन लौकी फले हैं जिसकी लंबाई लगभग 4 फीट की है।

## खबर संक्षेप

### शक्कर के दामों ने तोड़ा रिकॉर्ड, खुदरा कीमत 48 रुपए किलो पहुंची

**दल्लीराजहरा।** देश में शक्कर उत्पादन में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर है, फिर भी इस बार चीनी की लगातार बढ़ती कीमतों ने आम परिवारों का बजट बिगाड़ दिया है। जहां पहले खुदरा बाजार में शक्कर 36–38 रुपए किलो मिलती थी, वहीं अब दल्लीराजहरा और आसपास के क्षेत्रों में इसकी कीमत 48 रुपए किलो तक पहुँच गई है। व्यापारियों के अनुसार पिछले एक साल से शक्कर के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। वर्तमान में थोक बाजार में क्वालिटी के अनुसार दाम 42 से 45 रुपए प्रति किलो चल रहे हैं, जबकि अच्छी क्वालिटी की शक्कर 48 रुपए किलो तक बिक रही है। दुकानदारों का कहना है कि शक्कर उन्हें दुकान तक 46 रुपए किलो में मिल रही है, ऐसे में मामूली मुनाफा जोड़कर 48 रुपए में बेचने के अलावा विकल्प नहीं है। उधर, शक्कर के समर्थन मूल्य को 2019 से नहीं बढ़ाया गया है। किसान और मिल संचालक इसका पुनरीक्षण करने की मांग कर रहे हैं। जानकार मानते हैं कि यदि समर्थन मूल्य बढ़ता है, तो चीनी के दाम और ऊपर जा सकते हैं। शक्कर हर घर की रोजमर्रा की जरूरत है, लेकिन लगातार बढ़ती कीमतों ने उपभोक्ताओं की परेशानियां बढ़ा दी हैं।

### स्वास्थ्य मामले को लेकर माकपा ने किया प्रदर्शन

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सेक्टर 9 अस्पताल को निजी करने की कोशिश के खिलाफ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा चलाए जा रहे जन जागरण अभियान के तहत रविवार को सेक्टर 10 मार्केट और सेक्टर 6 ई मार्केट में नुक्कड़ सभा आयोजित की गई। सभा में नागरिकों से अस्पताल को निजी हाथों में सौंपने के विरोध में जागरुक होने की अपील की गई। माकपा नेता अर्चना ध्रुव ने कहा कि प्रबंधन लगातार कॉस्ट बढ़ने की बात कर रहा है, जबकि स्वास्थ्य के मामले में लागत नहीं देखी देखी जाती है। प्रबंधन कह रहा है कि हॉस्पिटल स्टाफ का वेतन का बोझ अधिक बढ़ रहा है। इससे साफ है कि प्रबंधन को हजारों बीएसपी कर्मियों व उनके परिवारों के स्वास्थ्य की चिंता नहीं है।

पेज 9 का शेष

### राज्य निर्माण व ...

चिखलाकसा नगर पंचायत के विकास के लिए 2 करोड़, मुक्तिधाम हेतु 50 लाख तथा दल्लीराजहरा नगर पालिका के विकास हेतु 3 करोड़ रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सभी वर्गों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। धान को समर्थन मूल्य पर खरीदा जा रहा है तथा महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत 1000 रुपये प्रतिमाह देकर सशक्त बनाया जा रहा है। उन्होंने छोटे–छोटे स्थानीय मुद्दों, सड़कों, नालों और पंचायत कार्यों से संबंधित प्राप्त आवेदनों पर त्वरित निर्णय लेते हुए कई विकास प्रस्तावों को तुरंत स्वीकृति दी। उपमुख्यमंत्री ने अध्यक्ष कुसुम शर्मा की कार्यशैली और सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि यदि मंडल अध्यक्ष और नगर पंचायत अध्यक्ष किसी कार्य की अनुशंसा करेंगे तो उसे प्राथमिकता से स्वीकृति दी जाएगी। इस दौरान महिलाओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही, जिस पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह मंडल अध्यक्ष की सक्रियता का परिणाम है।

धान खरीदी : समितियों में प्रबंधक और कंप्यूटर ऑपरेटर की जगह स्थानीय कर्मचारियों व जिम्मेदारी सौंपी गई

# सहकारी समितियों में हड़ताल के बीच वैकल्पिक व्यवस्था से शुरू हुई धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

सेवा सहकारी समितियों में पदस्थ प्रबंधक और कंप्यूटर ऑपरेटर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कई दिनों से हड़ताल पर हैं। शासन द्वारा अल्टीमेटम दिए जाने के बावजूद कर्मचारी काम पर नहीं लौटे, जिसके चलते धान खरीदी बाधित होने की आशंका बनी हुई थी। स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने वैकल्पिक व्यवस्था कर 15 नवंबर से धान खरीदी प्रक्रिया शुरू करा दी है। कुछ केंद्रों में तैयारी पूरी न होने के कारण 17 नवंबर, सोमवार से विधिवत पूजा-पाठ के साथ इलेक्ट्रॉनिक तराजू से तौलाई कर खरीदी प्रारंभ की गई।

हड़ताल के कारण व्यवस्थाएं प्रभावित न हों, इसके लिए विभिन्न समितियों में प्रबंधक और कंप्यूटर ऑपरेटर की जगह स्थानीय कर्मचारियों व युवकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। बालोद ब्लॉक की सांकरा (ज) सोसाइटी में ग्राम पंचायत सांकरा के सचिव पूरन जोशी को प्रभारी प्रबंधक नियुक्त किया गया है और गांव के युवकों को कंप्यूटर और अन्य कार्यों की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह अन्य समितियों में भी कहीं सचिव तो कहीं पटवारी को कार्यभार दिया गया है। इस वर्ष भी टोकन सिस्टम के माध्यम से धान खरीदी की जा रही है। हालांकि, ऐप अपडेट होने के कारण कुछ किसानों ने टोकन कटवाने में तकनीकी दिक्कत आने की बात कही है। साथ ही इस बार भी नए और पुराने दोनो तरह के बारदानों का उपयोग खरीदी के दौरान किया जा रहा है। सांकरा (ज) सोसाइटी में धान खरीदी का शुभारंभ सोमवार को सांकरा (ज) सोसाइटी में धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री प्रेम साहू, प्राधिकृत अध्यक्ष छगन देशमुख, संतोष देशमुख सहित सोसाइटी पदाधिकारी व बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। पदाधिकारियों ने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और छत्तीसगढ़ भाजपा सरकार किसानों को समय पर समर्थन मूल्य, पारदर्शी खरीदी व्यवस्था और उनकी मेहनत का उचित मूल्य दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में किसानों को और अधिक सहूलियत मिलेगी। किसानों ने भी भाजपा सरकार की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि शासन की यह व्यवस्था राज्य की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगी।





## पूर्व सांसद प्रतिनिधि मंडावी ने पूजा-अर्चना कर किया धान खरीदी की शुरुआत



**बालोद/कलंगपुर।** गुण्डरदेही विकास खण्ड के अंतर्गत सेवा सहकारी समिति तवेरा में पूर्व सांसद प्रतिनिधि थानसिंह मंडावी ने पूजा अर्चना कर धान खरीदी की शुभारंभ किया गया। मंडावी ने कहा कि सरकार ने किसानों की एक एक दाना खरीदने के लिए प्रतिबद्ध है, 3100 रुपए की दर से धान खरीदी शुरू हो चुकी है सरकार ने 3100 रूपये की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीद रही है किसानों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो उसके लिए सरकार ने किसान कुटीर बनाया गया है। प्राधिकृत अध्यक्ष तेजराम साहू ने बताया कि धान खरीदी के पहले दिन ही किसान उत्साह पूर्वक सोसाइटी पहुंचे और धान तौल कर प्रक्रिया शुरू किया गया। पहले दिन 8 किसानों ने टोकन कटवाकर धान बेचा गया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद प्रतिनिधि थानसिंह मंडावी, प्राधिकृत अध्यक्ष तेजराम साहू, सरपंच शैलेन्द्र निषाद, किलेपार सरपंच दिलेश्वर साहू, कसौंदा सरपंच जितेंद्र चंद्राकर, उपसरपंच सनत साहू, प्राधिकृत अधिकारी यशवंत देवांगन, दीप्ति साहू, कंप्यूटर ऑपरेटर वैजयंती माण्डले, पूर्व प्राधिकृत अध्यक्ष तोरण यदु, पूर्व सरपंच खुमान साहू, तौल ठेकेदार उत्तम साहू, किसान देवेंद्र साहू, श्याम सुन्दर, प्रीतम साहू, रामकुमार साहू, गुहा राम, सुरेश सिन्हा, चंद्रपाल ,चंदन सिन्हा झोपरा सहित किसान लोग उपस्थित थे।

## समर्थन मूल्य पर सुगमता से हो रही धान खरीदी



■ ऑनलाइन टोकन सुविधा से किसान ईश्वर चंद्राकर हुए खुश

**बालोद।** सुगमता और पारदर्शिता के साथ समर्थन मूल्य पर हो रही धान खरीदी के कार्य से प्रसन्नता व्यक्त करते हुए किसान ईश्वर चंद्राकर ने कहा कि, मोबाईल के माध्यम से आसानी से टोकन कटाया और आज उनका धान भी आसानी से विक्रय हो रहा है। बालोद जिले के धान उपार्जन केन्द्र भीमकन्हार में ग्राम मुड़खुसरा से पहुंचे किसान ईश्वर ने बताया कि वे इस वर्ष धान खरीदी के कार्य से काफी खुश है। उन्हें इस बार किसी प्रकार की समस्या का सामना नही करना पड़ा। धान खरीदी के कार्य में काफी सुविधा मिली है। ईश्वर ने बताया कि उन्होंने धान खरीदी शुरू होने से पूर्व ही अपने मोबाईल में तुंहर टोकन एप्प के माध्यम से घर बैठे ही अपने धान विक्रय हेतु टोकन कटाया है। उसने बताया कि वह लगभग 32 एकड़ में धान की खेती में करता है। जिससे उनका उपज भी बहुत अधिक हो जाता है। जिसके विक्रय की उसे चिंता लगी रहती थी। लेकिन ऑनलाईन टोकन की सुविधा मिलने से उसे आसानी से ही अपने धान विक्रय के लिए टोकन प्राप्त हो गया और धान खरीदी के प्रथम दिन तथा आज दूसरे दिन भी वह अपना धान विक्रय कर रहा है। किसान ईश्वर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के किसान हितैषी योजनाओं एवं निर्णयों की सराहना करते हुए कहा कि 3100 रूपये प्रति क्विंटल में धान की खरीदी तथा प्रति एकड़ 21 क्विंटल की खरीदी से हम किसानों के लिए कृषि का कार्य काफी लाभदायक बन चुका है। उसने बताया कि धान की राशि बढ़ने से उसके परिवार के जीवन स्तर में काफी संपन्नता आई है। उसने कृषि कार्य से मिली राशि का उपयोग करते हुए 02 एकड़ खेत भी खरीद लिया है। चंद्राकर ने कहा कि शासन की योजनाएं किसानों के हित में है। इससे हम किसानों का भविष्य समृद्ध और मजबूत बन रहा है।



### पूजा-अर्चना के साथ धान खरीदी का शुरुआत

**जामगांव आर।** सेवा सहकारी समिति कुमऍगुंडरा में धान खरीदी का शुभारंभ प्राधिकृत अधिकारी दानी राम वर्मा, जनपद सदस्य भास्कर वर्मा ने भगवान बलराम के तैल चित्र एवं कांटा बाट के पूजा अर्चना कर के साथ किया गया। इस अवसर पर समिति प्रबंधक बीरेंद्र ठाकुर, शाखा प्रबंधक उमाकुमार साहू, कृषकगण शरद बघेल, देवाशीष बघेल, प्रफुल्ल वर्मा, मनोज वर्मा, ताम्रध्वज वर्मा, रमेश साहू, निरंजन यादव, पटवारी चंद्रशेखर साहू एवं अन्य कृषक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## धान खरीदी व्यवस्था दुरुस्त, 143 केंद्रों पर नोडल अधिकारी तैनात

**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार बालोद जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी धान उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही है।

इसके अंतर्गत जिले के सभी 143 धान उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी की बेहतर व्यवस्था के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जिसमें जिला स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। उक्त नोडल अधिकारी नियमित रूप से धान उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण कर धान खरीदी कार्य के सुचारू रूप से संचालन कर रहे हैं। नोडल अधिकारियों के द्वारा धान उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी हेतु उपलब्ध सभी आवश्यक संसाधनों के साथ ही धान की बिक्री हेतु आने वाले किसानों को शुद्ध पेयजल, समुचित छांव की व्यवस्था, शौचालय आदि सभी जरूरी सुविधाओं की उपलब्धता आदि की मॉनिटरिंग कर आवश्यक दिशा–निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया जा रहा है। आज जिले के सभी विकासखण्डों में स्थित धान उपार्जन केन्द्रों में नोडल अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कर धान खरीदी के कार्य का जायजा लिया गया तथा आवश्यक दिशा–निर्देश संबंधितों को दिए गए।







## सुरपा सहकारी समिति में धान खरीदी की शुरुआत, 752 क्विंटल की खरीदी हुई



**बालोद।** सेवा सहकारी समिति मर्यादित सुरपा में 17 नवम्बर को धान खरीदी का शुभारंभ किया गया, जो कि सभापति जिला पंचायत दुर्ग भाजपा नेत्री कल्पना नारद साहू के आतिथ्य में हुआ। विदित हो कि पूरे प्रदेश में 15 नवम्बर से धान खरीदी की शुरुआत हो गई है। उसी के तहत सेवा सहकारी समिति सुरपा में 17 नवंबर सोमवार को धान खरीदी शुरू की गई।

भाजपा नेत्री सभापति जिला पंचायत दुर्ग कल्पना नारद साहू ने श्रीफल के साथ पूजा कर धान खरीदी का शुभारंभ किया पहले दिन 15 किसानों ने धान बेचा और लगभग 752.00 क्विंटल धान का खरीदी गया। इस अवसर पर सेवा सहकारी समिति सुरपा के अध्यक्ष नारद साहू, खेमलाल देशलहरे सभापति जनपद पंचायत पाटन, सेवा सहकारी समिति सुरपा के समिति प्रबंधक मुकेश कुमार अहीर, शाखा प्रबंधक बेल्हारी टीएल चंद्राकर, सरपंच सुरपा चन्द्रहास साहू,, सरपंच नवागांव कविता साहू, सरपंच टेमरी वरुण नेताम, उपसरपंच नवागांव छगनलाल साहू, रेवाराम साहू, लीलाधर साहू, लालकुमार साहू, रामअवतार सेन, दाऊराम साहू, प्रमोद जैन, कैलाश साहू, के साथ साथ बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

## पीआईसी बैठक में 12 मुद्दों पर हुई चर्चा, कई प्रस्तावों को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही



■ काम समय पर नहीं तो कार्रवाई तय : अध्यक्ष प्रमोद जैन

नगर पंचायत कार्यालय गुण्डरदेही में सोमवार को नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन की अध्यक्षता में पीआईसी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर के विकास कार्यों की धीमी गति पर कड़ा रुख अपनाते हुए कई फैसले लिए गए।

बैठक में सी ए म ओ किरण पटेल, सब इंजीनियर रूपेश राठिया, लेखापाल श्रवण कुमार निर्मलकर, तथा पीआईसी सदस्य एवं पार्षद गण हरीश निषाद, संतोष नेताम, हेमंत सोनकर, शैल महोबिया उपस्थित थे। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने कार्य में लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि ठेकेदार नलिनी मिश्रा को अटल परिसर और बाल उद्यान का टेंडर दिया गया था, लेकिन वह कार्य को समय से पूरा नहीं कर पाईं। इस पर कार्रवाई करते हुए, नलिनी मिश्रा का टेंडर अनुबंध निरस्त कर दिया गया है, और इन दोनों महत्वपूर्ण कार्यों के लिए नया टेंडर जल्द ही जारी किया जाएगा।

अध्यक्ष प्रमोद जैन ने लंबित पड़े अन्य निर्माण कार्यों को लेकर भी ठेकेदारों को कड़ी चेतावनी दी। अपूर्ण कार्यों को जल्द पूरा करने के लिए संबंधित ठेकेदारों को 7 दिन के भीतर काम शुरू करने का नोटिस जारी किया गया है। जिन कार्यों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं उसमे बघमरा मुक्तिधाम का निर्माण। वार्ड नंबर 8 में सतनाम भवन का निर्माण। वार्ड नंबर 1 में सिंचाई विभाग अर्जुन्दा रोड पर कल्वर्ट निर्माण कार्य सम्मिलित है। पीआईसी की बैठक में नगर के विकास और प्रशासनिक व्यवस्था से जुड़े 12 बिंदुओं पर गहन चर्चा की गई और कई स्वीकृति प्रदान की गई।

कार्यालय उपयोग हेतु अलमारी क्रय करने, पार्षद निधि वार्ड क्रमांक 13 (वर्ष 2025–26) के कार्य की प्रशासकीय वित्तीय स्वीकृति। निविदा दिनांक 4.11.25 को प्राप्त विभिन्न निर्माण कार्यों की निविदा दर स्वीकृति। स्वच्छता सामग्री क्रय की स्वीकृति। विद्युत उपकरण क्रय की स्वीकृति। पानी टंकी सफाई हेतु रुचि की अभिव्यक्ति दर की स्वीकृति। प्लेसमेंट कर्मचारियों के लिए नवीन प्रस्ताव भेजने। जल उपकरण मरम्मत सामग्री क्रय करने। अटल परिसर निर्माण निविदा अनुबंध निरस्त करने। अध्यक्ष पार्षद निधि 2025–26 से सामग्री क्रय करनेख वार्ड क्रमांक 12 न्यायालय के सामने बाल उद्यान मरम्मत, संधारण निविदा निरस्त करने। वार्ड क्रमांक 12 में राम जानकी मंदिर निर्माण करने, 55 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सोनकर, साहू और मुस्लिम समाज के भवन के लिए शासन को प्रस्ताव भेजने तथा 52 लाख रुपए की लागत से बनने वाले फुटपाथ का स्थल परिवर्तन करने शासन को पत्र भेजने पर चर्चा की गई। अध्यक्ष प्रमोद जैन ने जोर देकर कहा कि नगर पंचायत अब विकास कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता से कोई समझौता नहीं करेगा।

भुगतान में देरी और विभागीय अव्यवस्थाओं पर ठेकेदारों की नाराजगी

# कांट्रेक्टर एसोसिएशन ने उप मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ रॉयल्टी क्लियरेंस में देरी से भुगतानों पर असर, ज्ञापन में चिंता व्यक्त



छ.ग. कांट्रेक्टर एसोसिशसन द्वारा बालोद जिला मुख्यालय में कांट्रेक्टर संघ भवन हेतु जमीन एवं राशि आबंटित करने तथा जिले के विभिन्न विभागों में कार्य में आ रही समस्याओं के समाधान बाबत उप मुख्यमंत्री छ.ग. शासन अरूण साव को ज्ञापन सौपा हैं।

ज्ञापन में कहा गया है कि छ.ग. कांट्रेक्टर एसोसिशसन ने ज्ञापन मे आरोप लगाया गया है कि नगर पालिका परिषद बालोद में कार्यरत ए.ई. रेखलाल सिन्हा का कार्यशैली एवं ठेकेदारों के प्रति व्यवहार सही नहीं है। वे कार्यों के माप एवं भुगतान के प्रति लापरवाही पूर्ण रवैया रखते हैं, जिससे समस्त ठेकेदार आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। भुगतान हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदाय करने का कष्ट करें तथा संबंधित अधिकारियों का स्थानांतरण किया जावे। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बालोद में जिले क ठेकेदारों से समग्र शिक्षा, मुख्यमंत्री जतन योजना, पर्यटन, डीएमएफ आदि योजनाओं के तहत विभिन्न निर्माण कार्य कराए लगभग दो वर्ष पूर्ण हो चुके हैं, जिसका करोड़ों रूपयों का भुगतान आज भी शेष है। जिससे सभस्त ठेकेदार आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बालोद में जेजेएम स्कीम के तहत विभाग जिले के कार्यरत ठेकेदारों के भुगतान का व्यवस्था असंतोषजनक है।

उक्त विभाग के कार्य में हर घर जल सर्वे का कार्य विभाग द्वारा किया जाता है, उक्त सर्वे में विभाग की उदासीनता ठेकेदारों को भारी पड़ता जा रहा है। जब तक यह सर्वे विभाग द्वारा पूर्ण नहीं कराया जावेगा तब तक संबंधित ठेकेदारों को भुगतान हो पाना संभव नहीं है। कांट्रेक्टर एसोसिशसन ने पीएचई विभाग को उक्त सर्वे पूरे जिले में जल्द से जल्द पूर्ण करके ठेकेदारों का भुगतान जल्द करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करेंगे की मांग की। कांट्रेक्टर एसोसिशसन ने आरोप लगाया कि लोक निर्माण विभाग बालोद की कार्यपालन अभियंता का व्यवहार व कार्यशैली ठेकेदारों को मानसिक व आर्थिक रूप से प्रताड़ित करने की है, उचित कार्यवाही करने की की मांग कांट्रेक्टर एसोसिशसन ने की। कांट्रेक्टर एसोसिशसन ने कहा कि विभिन्न विभागों में जो मैनुअल कार्य की सीमा 10 लाख तक है, उसे 25 लाख तक किया जाए, जिससे स्थानीय स्तर पर कार्य प्राथमिकता से पूर्ण किया जा सके। विभिन्न विभागों में रॉयल्टी क्लिरेंस को अत्यधिक दिनों तक लंबित किया जाता है, जिससे ठेकेदारों का रूका हुआ भुगतान महीनों तक लंबित रहता है, इस विषय पर जल्द से जल्द रॉयल्टी क्लिरेंस हेतु दिशा–निर्देश जारी की जाए।

## आईटीआई में रजत जयंती समारोह पर हुई विविध कार्यक्रम

**बालोद।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुरूर में रजत जयंती समारोह के अवसर पर विभिन्न गतिविधयों का आयोजन किया गया। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुरूर के प्राचार्य नूतन कुमार साहू ने बताया कि रजत जयंती समारोह के अवसर पर शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुरूर में 10 नवंबर से 14 नवंबर तक छत्तीसगढ़ी नृत्य, लोक गीत एवं पारंपरिक वाद्ययंत्रे, तकनीकी प्रदर्शनी, छत्तीसगढ़ी विषयक भाषण प्रतियोगिता, रंगोली, पोस्टर, चित्रकला प्रतियोगिता, एलुमिनाई मीट का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षण अधिकारी दामिनी शांडिल्य, प्रशिक्षण अधिकारी भूपेन्द्र जायसवाल एवं प्रशिक्षणाथऍगण उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### साहू संघ का शपथ ग्रहण व विदाई समारोह 20 को

**गुरूर।** तहसील साहू संघ गुरूर के नवीन पदाधिकारियो का शपथ ग्रहण व निवृत्त हो रहे पदाधिकारियो का विदाई समारोह का आयोजन 20 नवंबर को तहसील साहू सदन प्रांगण गुरूर में किया गया है। जिसमे मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष छ.ग. प्रदेश साहू संघ रायपुर विपिन साहू होंगे। अध्यक्षता अध्यक्ष जिला साहू संघ बालोद सोमन साहू करेंगें। विशिष्ट अतिथि सदस्य अखिल भारतीय तेली महासभा नई दिल्ली प्रीतम साहू, पूर्व कार्यकारिणी अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ रायपुर गोपाल साहू, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ रायपुर हलधर साहू, पूर्व विधायक गुण्डरदेही डॉ दयाराम साहू, पूर्व विधायक संजारी बालोद कुमारी बाई साहू, पूर्व विधायक गुण्डरदेही वीरेन्द्र साहू, सलाहकार प्रदेश साहू संघ रायपुर पवन साहू रहेंगे। विशेष अतिथि में अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू, अध्यक्ष नगर पंचायत गुरूर प्रदीप साहू, सभापति जिला पंचायत गुरूर तेजराम साहू, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर दुर्गानंद साहू, सभापति जिला पंचायत गुरूर लक्ष्मी अशोक साहू, सभापति जिला पंचायत गुरूर चंद्रिरका गंजीर, समाज सेवी पूरण साहू उपस्थित रहेंगे।

### टायर दुकान में चोरी करने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** टायर दुकान में चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करते हुए पुलिस ने दो टायर, 29 ट्यूब और टाटा एस वाहन बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 331(4), 305(ए) के तहत कर्रवाई कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। मामला सुपेला थाना क्षेत्र का है। सुपेला पुलिस के अनुसार रविंदर वाडेकर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनका स्वयं की पुराना टायर ट्यूब खरीदी बिक्री की दुकान व गोदाम सुपेला पांच रास्ता के पास है। 12 नवंबर की रात करीब 9 बजे दुकान के गेट का ताला लगाकर वो घर चला गया था। अगले दिन सुबह जब वह दुकान पहुंचा तो ताला टूटा हुआ था। चार नए टायर, 29 नए ट्यूब और 730 किलो पुरानी ट्यूब गायब मिली। चोरी का कुल नुकसान करीब 40 हजार रुपये बताया गया। मामले में सुपेला थाने में अपराध दर्ज किया गया। पुलिस ने तलाश शुरू की और 14 नवंबर को इस्लाम नगर सुपेला से आरोपी यशवंत मतवार को पकड़ गया। पूछताछ के बाद उसके कब्जे से चोरी किए गए दो टायर, 29 ट्यूब और चोरी में इस्तेमाल की गई टाटा एस गाड़ी बरामद की गई। वाहन की कीमत करीब चार लाख पचास हजार रुपये बताई गई। आरोपी यशवंत मतवार (25 साल) मूल निवासी ग्राम शेरगढ़, जिला खैरागढ़ का है। फिलहाल वह इस्लाम नगर सुपेला में किराए के मकान में रहता था।

### एटीएम कार्ड बदलकर 43 हजार की ठगी

**भिलाई।** चरोदा में एक बुजुर्ग के साथ एटीएम कार्ड बदलकर 43 हजार रुपए की ठगी हो गई। मामला 13 नवंबर की शाम का है। थाना पुरानी भिलाई पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित 65 वर्षीय अशोक कुमार निल्लेय हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी बीएमवाय के रहने वाले हैं। वे शाम करीब 4:10 बजे अपना एसबीआई कार्ड लेकर चरोदा स्थित एटीएम पहुंचे थे। उन्होंने 10 हजार रुपए निकाले और बाहर निकल ही रहे थे कि आसमानी रंग की शर्ट पहने दो युवक एटीएम में घुसे। एक युवक ने उन्हें रोककर कहा कि मशीन बीप कर रही है और ट्रांजैक्शन पूरा नहीं हुआ। अशोक कुमार ने कार्ड दोबारा डाला और पासवर्ड डालने लगा। इसी दौरान दोनों युवक भीतर आ गए और पासवर्ड देख लिया।

## विकास : कांग्रेस के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि रहे उपस्थित

# डांडेसरा में 65 लाख की लागत से विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम पंचायत डांडेसरा के तत्वाधान में 65 लाख रुपये की लागत से व्यवसायिक परिसर और टीना शेड सीमेंटीकरण का

- विधायक संगीता सिन्हा मुख्य अतिथि, चंद्रेश हिरवानी ने की अध्यक्षता रही

भूमि पूजन एवं नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवन व चेकडेम एवं वाल निर्माण का लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया।

लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि संजारी बालोद की विधायक संगीता सिन्हा थी, अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी बालोद अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी ने किया। विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष ब्लॉक काँग्रेस कमेटी गुरूर तामेश्वर साहू, पूर्व सभापति जिला पंचायत बालोद केदारनाथ देवांगन, उपाध्यक्ष ब्लॉक कमेटी गुरुर दुर्गू राम सिन्हा, संयुक्त सचिव ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी गुरूर धनुष राम साहू, अध्यक्ष एससी. सेल जिला बालोद दीनाराम चेलक, मीडिया प्रभारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरुर उमेश कुमार साहू, सेक्टर अध्यक्ष डंडेसरा विवेकानंद साहू, बूथअध्यक्ष भोजेंद्र साहू, बाबूलाल साहू विशेष अतिथि के रुप मे मंचासीन थे। ग्राम पंचायत डंडेसरा सरपंच टोमन साहू के द्वारा आमंत्रित किया।





विधायक संगीता सिन्हा एवं अन्य अतिथियों के द्वारा व्यवसायिक परिसर एवं टीना शेड सीमेंटीकरण का भूमि पूजन वंदन के उपरांत नवनिर्मित आंगनबाड़ी व चेक डेम एवं वॉल निर्माण का लोकार्पण विधायक संगीता सिन्हा द्वारा संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में विधायक संगीता सिन्हा ने गांव में हो रहे विकास कार्यों के संबंध मे कहा आज पंचायतों मे विकास कार्यों की कमी हो गई है, ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे है। हमारी सरकार मे सड़कें, पुल, पुलिया सहित दर्जनों कार्य ग्रामों मे हुए, कई कार्य तो आजादी के बाद पहली बार हुए।

विधायक ने मां कर्मा भवन के पास टीना शेड निर्माण और सीमेंटीकरण कार्य के लिए आश्वासन भी दिया। सभी अतिथियों ने भी गाँव में हो रहे विकासकार्यों के लिए सभी ग्रामवासियों को बधाई दी। इस अवसर ग्राम मोहरा एवं ग्राम जेवरतला के सरपंच, ग्राम पंचायत डंडेसरा के समस्त पंच गण एवं पदाधिकारी गण और समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

# कोटगांव सेवा सहकारी समिति में धान खरीदी केंद्र का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा

ग्राम कोटगांव की सेवा सहकारी समिति में धान खरीदी केंद्र का शुभारंभ सोमवार को नगर पंचायत के प्रमुख अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान केंद्र का निरीक्षण भी किया गया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसानों को धान बेचने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। नगर पंचायत की सीएमओ अधिकारी किरण पटेल और सब इंजीनियर रूपेश सिंह राठिया ने धान खरीदी केंद्र पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने किसानों के लिए उपलब्ध सुविधाओं और खरीदी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली। इस अवसर पर समिति प्रबंधक नन्द कुमार कुम्हार, प्राधिकृत अधिकारी आदेश्वर यदु और कंप्यूटर ऑपरेटर घनश्याम सिन्हा सहित कई महत्वपूर्ण लोग उपस्थित रहे। निरीक्षण के तुरंत बाद, किसान सालिक देशमुख और अन्य किसानों की उपस्थिति में आज के लिए कुल 460 क्विंटल धान की खरीदी का टोकन जारी किया गया। टोकन जारी होते ही कोटगांव और आसपास के किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई।

किसानों ने बताया कि केंद्र शुरू होने से उन्हें अपनी उपज बेचने में आसानी होगी और उन्हें दूर नहीं जाना पड़ेगा। अधिकारियों ने समिति के कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे पूरी पारदर्शिता और गति से धान खरीदी सुनिश्चित करें। यह खरीदी केंद्र कोटगांव और आस पास के किसानों के लिए एक बड़ी राहत लेकर आया है।

# डोंगीतराई में बाल मेला आयोजित बच्चों ने प्रस्तुतियों से किया आकर्षित



हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर

गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम डोंगीतराई स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे बाल मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां विद्यालय के बच्चों ने अनेक प्रस्तुतियां दी जिसमें रंगोली व अनेक व्यंजनो के स्टॉल लगाया गया। यहां बाल मेला के पावन अवसर पर विद्यालय परिसर पर छत्तीसगढ महतारी की मूर्ति भी स्थापित पूरी विधि–विधान व पूजा अर्चना कर किया गया। बाल दिवस व मूर्ति स्थापित कार्यक्रम का शुभारंभ शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉं लक्ष्मीकांत साहू एवं वेदप्रकाश यदु के द्वारा सर्वप्रथम विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया। स्कूली बच्चों के द्वारा आयोजित बाल मेला मे शाला विकास के सदस्यों, शिक्षक गण संहित उपस्थित ग्रामीण जन शामिल होकर बाल मेला का आनंद उठाया। इस दौरान शाला विकास समिति के अध्यक्ष डॉ लक्ष्मीकांत साहू ने बच्चों की प्रतिभा की खुलकर सराहना की और उन्हें बाल दिवस की हार्दिक शुभकामनाए देते हुए बच्चों को जीवन मे अनुशासन और नैतिक मूल्यों को अपनाने की सलाह दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या मे विद्यार्थियों व पालकगण संहित शिक्षकों की उपस्थिती रही।

# महाविद्यालय में मिट्टीकला पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

शासकीय महाविद्यालय गुरुर में इतिहास विभाग द्वारा मृण कलाओं का प्रयोग महत्व और विलुप्त हो रही मिट्टी के बर्तनों के परिप्रेक्ष्य में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

- प्राचार्य व प्राध्यापकों ने बनाए मिट्टी के बर्तन, छात्रों ने उत्साह से लिया हिस्सा

इस कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक ग्राम तारएँ निवासी कुंभकार बाबूलाल चक्रधारी के द्वारा महाविद्यालय परिसर में अपने चाक और मिट्टी के द्वारा बर्तन बनाने की प्रक्रिया और मिट्टी तैयार करने की विधि बताई गई। मिट्टी के बर्तन बनाने की प्रक्रिया की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. केएल. रावटे से की गई, इसके पश्चात बारी–बारी से सभी प्राध्यापकों के द्वारा मिट्टी के बर्तन बनाए गए। इस कार्यशाला में महाविद्यालय के छात्र–छात्रओं द्वारा बढ़–चढ़कर भाग लिया गया और मिट्टी के बर्तन बनाए गए। बच्चों ने अपने जीवन में पहली बार इस अनुभव को महसूस किया और बर्तन बनाने का कार्य सीखा। इस कार्यशाला के उपलक्ष्य में प्राचार्य महोदय ने बताया कि प्राचीन समय में मिट्टी के बर्तनों से ही हमारे पूर्वज खाना बनाया करते थे किंतु आज यह बर्तन विलुप्त हो रहे हैं जिन्हें पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है।



इस कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ. मोहन कुमार साहू के द्वारा किया गया एवं आभार प्रकट डॉ. वायके. धुर्वे के द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में शामिल प्रो. डीके. रात्रे, टीएस. साहू, आरके.सोरी, योगेश साहू, प्रेमचंद साहू, डॉ. नाजमा बेगम, हितेश राठौर, टीना देवांगन, दीपिका साहू, सीमा साहू, कमला कोरेटी थे। साथ में जितेंद्र कुमार, प्रवीण कुमार, सागर, ईशाप्रकाश, मयंक, चुनेश्वर, रोहित, पुष्कर, चंद्रकांत, सौरभ, भुनेश्वरी, माही,पूजा, रागिनी, हसिना, छाया, यामिनी, नंदिनी, मनीषा व छात्र छात्रओं का विशेष योगदान रहा। संपूर्ण कार्यक्रम प्रो. मोहन कुमार साहू के मार्गदर्शन में संपन्न किया गया।

## जैन उपाश्रय में साध्वी श्रीजी मसा के प्रवचन

# क्रोध पर नियंत्रण व समता की साधना पर दिया जोर

**डौंडीलोहारा।** नगर के जैन उपाश्रय प्रांगण में आचार्य भगवान श्रीरामलालजी मसा की सुशिष्या पर्याय ज्येष्ठा महासती विवेकशीला श्रीजी मसा, शासन दीपिका महासती सुयशप्रज्ञा श्रीजी मसा, सेवाभावी महासती दीपिका श्रीजी मसा व महासती दीक्षिता श्रीजी मसा के सानिध्य में धार्मिक कार्यक्रम निरंतर जारी हैं। प्रतिदिन प्रातः प्रार्थना, प्रवचन, दोपहर में धार्मिक क्लास और शाम को प्रतिक्रमण सहित विभिन्न धार्मिक गतिविधियाँ संचालित हो रही हैं।शनिवार की धर्मसभा में महासती सुयशप्रज्ञा श्रीजी मसा ने कहा कि संसार दुख का सागर है, जो क्रोध, मान, माया, लोभ जैसे विकारों की अग्नि से जल रहा है। उन्होंने कहा कि मनुष्य इस झुलसन को तब ही समझ सकता है जब उसके भीतर आत्मकल्याण के भाव जागृत हों। क्रोध को आत्मा का संताप बताकर उन्होंने कहा कि क्रोध से व्यक्ति स्वयं भी जलता है और दूसरों को भी जलाता है।

विज्ञान भी साबित करता है कि क्रोध की अवस्था में शरीर की रासायनिक प्रक्रिया बदल जाती है। महासती जी ने कहा कि प्रभु ने कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य रखा, हमें भी उपशम भाव विकसित कर समता की साधना करनी चाहिए। क्षणिक आवेश वर्षों की साधना नष्ट कर देता है, इसलिए क्रोध पर नियंत्रण जरूरी है। अपने प्रवचन में महासती दीपिका श्रीजी मसा ने कहा कि पसंद की वस्तु के प्रति राग आत्मकल्याण में बाधक है। साधु वह है जो किसी भी वस्तु से राग नहीं रखता और सभी परिस्थितियों में समभाव बनाए रखता है।

# वास्तविक संत चमत्कार नहीं, ईश्वरीय प्रेम से पहचाने जाते हैंः स्वामी युगल शरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ब्रज गोपिका सेवा मिशन द्वारा आयोजित 20 दिवसीय प्रवचन श्रृंखला के 11 वे दिन स्वामी युगल शरण ने प्रवचन में बताया वास्तविक संत को पहचानने के लिए शास्त्रों में अनेक सावधानियाँ बताई गई हैं। संत के विशेष लक्षण होते हैं, जिनके आधार पर चतुर और विवेकशील जीवात्मा उन्हें पहचान सकता है और वास्तविक संत की शरणागति कर सकता है। भगवान कहते हैं कि उनकी प्राप्ति के लिए उनके भक्त, अर्थात वास्तविक संत की शरणागति करनी होगी।



श्रोत्रिय ब्रह्मनिष्ठ जिसका शास्त्रें का सम्यक ज्ञान हो। केवल शाब्दिक नहीं, बल्कि अनुभवात्मक ज्ञान हो। जिसने स्वयं भगवान को जाना, देखा और तद्रूप हो गया हो। जो जीवात्मा परमात्मा को जान लेता है, वह स्वयं भी उन्हीं के समान हो जाता है।

वास्तविक महापुरुष हमें संसार में नहीं उलझाते। वे सिद्धियों का चमत्कार नहीं दिखाते। तीन प्रकार की सिद्धियाँ होती हैं तामसिक, राजसिक और सा्त्विक। संतों के पास सभी प्रकार की दिव्य शक्तियाँ होती हैं, जो उन्हें भगवत्प्राप्ति के बाद प्राप्त होती हैं। लेकिन वे इन चमत्कारों का प्रदर्शन नहीं करते। वास्तविक महापुरुष न आशीर्वाद देते हैं, न अभिशाप। दीक्षा नहीं देते जब तक कि साधक पूरी तरह पात्र न बन जाए। दीक्षा का अर्थ है दिव्य शक्ति का प्रदान किया जाना। जब साधक का अंतःकरण पूर्णतः शुद्ध हो जाता है, तब संत उसे दीक्षा प्रदान कर भगवत्प्राप्ति करा देते हैं। वे शिष्य परंपरा नहीं बनाते।

भगवत्प्राप्ति के बाद ही संत साधक को शिष्य के रूप में स्वीकार करते हैं, बाह्य वेशभूषा से वास्तविक महापुरुष को नहीं पहचाना जा सकता। सच्चा संत वही होता है, जिसकी आत्मा महान हो, न कि केवल शरीर या वस्त्र। संत को कृष्ण प्रेम में रंगा हुआ होना चाहिए। वास्तविक संत की वाणी अलौकिक होती है। साधारण व्यक्ति की बातें हृदय को नहीं छूतीं, लेकिन भगवत प्राप्त संत की बात हृदय को छू लेती है। हमारा शंका का समाधान करके निभ्रांत कर देंगे।

दूसरा लक्षण में 3 प्रमाण है। प्रत्यक्ष प्रमान, शब्द प्रमान अनुमान प्रमान और चौथा अनुभव प्रमान। जब आप किसी वास्तविक संत का संग करेंगे, आप उनमें एक बहुमूल्य वस्तु पायेंगे। वास्तविक भगवत प्राप्त संत जो होगा उसी में ये बहुमूल्य निधि होगी। उसी बहुमूल्य निधि का नाम है ईश्वरीय प्रेम। ईश्वरीय प्रेम एक दिव्य वस्तु है, ये ऐसे नहीं मिलती। ये शरणागति करने पर गुरु कृपा द्वारा ये प्रेम प्राप्त होता है। ये श्यामसुंदर के लिए विरह। वह कृष्ण प्रेम के समुद्र में ओतप्रोतत है। यही संत की निधि है।

इसी प्रेम के बल से वो भगवान को अपने वश में रखते हैं। इसी प्रेम के बल से भगवान संत के पीछे–पीछे चलते हैं। संत उसको बहुत संभाल कर रखते हैं। प्रकट नही करते, क्योंकि प्रेम प्रकट करने की वस्तु नहीं है। लेकिन जब संत को भगवान के नाम, रूप, गुण, लीला, धाम आदि का वातावरण मिलता है, संत का कुछ दिन संग करने से संत का वाणी का प्रभाव उस पर असर होगा और जिसका अंतःकरण जितना निर्मल होगा, उतना हीं संत का दर्शन का प्रभाव उसके ऊपर पड़ेगा। इन्ही पहचान, सावधानी और लक्षण को लेकर कोई भी वास्तविक संत को गुरु रूप में वरण कर सकता है।

## किसानों ने व्यवस्था और सुविधाओं पर जताया संतोष

# पेंडरी व कलंगपुर में धान खरीदी की विधिवत शुरुआत हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम पेन्डरी एवं कलंगपुर सहकारी समिति में खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 के लिए धान खरीदी का शुभारंभ सोमवार 17 नवंबर से विधिवत रूप से शुरूआत किया गया।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत पेन्डरी सरपंच जीतेश्वरी ठाकुर, ग्राम भटगांव पूर्व सरपंच भीखाराम साहू, नोडल अधिकारी महेन्द्र जांगड़े, प्राधिकृत विजय सिन्हा, सुपरवाइजर केंद्रीय बैंक बहादुर चंद्राकर, चन्द्रकुमार देशलहरा, सचिव भूपेश साहू की उपस्थिति मे सर्वप्रथम छत्तीसगढ महतारी एवं कृषक इष्टदेव भगवान बलराम व तराजू बट का पूरी विधि–विधान से पूजन कर धान खरीदी की शुरुआत किए गए। इस धान खरीदी केंद्र में सुबह से ही किसानों की आवाजाही बनी रही एवं खरीदी प्रक्रिया शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। इस दौरान सरपंच जीतेश्वरी ठाकुर ने उपस्थित कृषकों से कहा कि धान खरीदी केन्द्र मे अपना धान सहीं समय पर टोकन के आधार पर एवं शासन के मापदंड के हिसाब से सुखा व साफ सुधरा धान लेकर आवें जिससे धान खरीदी बिक्री मे किसी प्रकार से कोई परेशानी न हो और शांतिपूर्ण व सुव्यवस्थित ढंग से धान खरीदी संपन्न हो। इस अवसर पर उग्रसेन साहू, भारत साहू, ईश्वर साहू, आत्मराम साहू, अशोक व्यास, मुरली साहू, रामसेवक साहू, युवराज, हरिश कुमार संहित बड़ी तादाद मे कृषक गण उपस्थित रहे। पेन्डरी खरीदी केंद्र में सोमवार को कुल 10 किसानों का टोकन जारी था, जिनमें 426 किंव्टल धान खरीदी की गई।



खरीदी केंद्र में तौल सुविधा, बोरा उपलब्धता, पीने के पानी की व्यवस्था, छाया स्थल तथा किसानों के विश्राम हेतु बैठने की व्यवस्था भी समिति एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा सुनिश्चित की गई है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए समिति परिसर में कर्मचारियों की विशेष ड्यूटी लगाई गई है। किसानों ने धान खरीदी की सुचारू व्यवस्था और शासन द्वारा दी जा रही आर्थिक सहायता के प्रति संतोष जताया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, येमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com


रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
13 फरवरी से 19 फरवरी 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)/माउंट आबू/स्टेच्यू ऑफ यूनिटी
ऑफर राशि स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411